A REPORT ON NIRDHAN JAN SEWA CAMP ORGANISED AT VILL.RAMPUR DEVRAI , BLOCK. BKT. OF DISTT. LUCKNOW ON. 30.01.2024

भावना के अष्टम् शीतकालीन सहायता शिविर की प्रगति रिपोर्ट

भावना के शीतकालीन सहायता शिविरों की श्रृंखला में,अष्टम् जन जागरूकता एवं कंबल वितरण शिविर दिनाँक 30.01.2024 को ग्राम रामपुर देवरई विकासखंड बी.के.टी.जनपद लखनऊ स्थित "श्री राम समग्र स्वास्थ्य प्रबन्धन संस्थान"के हॉल में आयोजित हुआ जिसमें ग्राम भवानीपुर,देवरई खुर्द,अस्ति,रामपुर व हरधौरपुर के निवासियों ने भाग लिया।

उपस्थित जनों को निर्धन जन सेवा के संयोजक श्री प्रभात किरण चौरसिया ने सम्बोधित करते हुए राज्य सरकार और केंद्र सरकार की जनहितकारी व जनलाभकारी योजनाओं को सविस्तार बताया तथा इनसे प्राप्त होने वाले लाभ और योजनाओं में सम्मिलित होने की पात्रता पर भी प्रकाश डाला।इन योजनाओं में सम्मिलित होने हेतु सभी को जनसेवा केंद्र पर जाकर राज्य सरकार का ई-श्रम कार्ड तथा केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना का गोल्ड कार्ड बनवाने हेतु प्रेरित किया।

सभा को स्वास्थ्य प्रबन्धन संस्थान के मुख्य प्रबन्ध ट्रस्टी मेज.वी.के.खरे.(से.नि.)ने भी सम्बोधित किया तथा संस्थान में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं और उन्हें प्राप्त करने की प्रक्रिया के विषय में विस्तारपूर्वक बताया।उन्होंने बताया कि संस्थान का उद्देश्य सभी को न्यूनतम व्यय में अच्छी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करना है।साथ ही संस्थान की भावी योजना तथा विस्तार के विषय में भी अवगत कराया।

संस्थान के प्रबन्ध ट्रस्टी डॉ. ए. पी. शुक्ला ने भी संस्थान द्वारा तन और मन दौनों को स्वस्थ्य रखने के लिए किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला।

शिविर में उपस्थित पूर्व चयनित वृद्ध, विधवा तथा दिव्यांग पात्रजनों को 82 अदद नये ऊनी कम्बल दिये गये तथा भावना सदस्यों द्वारा उपलब्ध कराये गये पुराने उपयोगी वस्त्रों का भी वितरण किया गया।

इस कार्यक्रम में भावना की ओर से निर्धन जन सेवा के संयोजक श्री प्रभात किरण चौरसिया,श्री विनोद कुमार शुक्ला राष्ट्रीय अध्यक्ष,श्री जगमोहन लाल जायसवाल महासचिव(कार्यान्वयन),श्री सुनील कुमार उप्रेती उपकोषाध्यक्ष,श्रीमती नीना अग्रवाल सदस्य महिला सशक्तीकरणप्रकोष्ठ,श्री राजदेव स्वर्णकार उपमहासचिव,सदस्य श्री उपेंद्र बाजपेयी,श्री आर.सी.अग्रवाल, डॉ.रामसजीवन शुक्ल,श्रीमती मधु कुमार,श्री एम.पी.वर्मा,श्री प्रदीप त्रिवेदी तथा संस्थान की ओर से मेजर.वी. के.खरे मुख्य प्रबन्ध ट्रस्टी, डॉ.ए.पी.शुक्ला प्रबन्ध ट्रस्टी,श्री कार्डिगन पिल्लै,श्री कृष्ण बिहारी,श्री भानु प्रताप सिंह सहित अनेक गणमान्य जन व भद्र जन उपस्थित रहे।

--प्रभात किरण चौरसिया

संयोजक निर्धन जन सेवा प्रकोष्ठ